Amar Ujala (Hindi) (Dehradun)

EDII

February 13, 2025
Pg.2

छात्रों के बनाए उत्पादों और मॉडलों को विशेषज्ञों ने सराहा

देहरादून। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत आयोजित मेगा स्टार्टअप समिट के अंतिम दिन जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। राज्यभर से आए 75 से अधिक छात्रों ने अपने उत्पादों और व्यवसायिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। इन्हें उच्च शिक्षण संस्थानों, निवेशकों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने सराहा।

बुधवार को समिट के दूसरे दिन तीन महत्वपूर्ण पैनल चर्चाएं हुईं। इसमें कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत, सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने विचार रखे। डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा देवभूमि उद्यमिता योजना छात्रों को एक नई दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दे रही है।

निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अंजू अग्रवाल ने कहा कि संस्थानों को अब शिक्षा के साथ-साथ रोजगार सृजन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए भी काम करना होगा। डॉ. श्रुति बत्रा, प्रो. दीपक कुमार पांडेय, उप सचिव उच्च शिक्षा ब्योमकेश दूबे, दीपक कुमार आदि ने विचार रखे। संवाद